प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ का सम्मेलन संपन्न

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन मंगलवार को प्रातः साढ़े दस बजे बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली में प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम सोनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संगठन के जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा जिलामंत्री रतन बारूपाल ने बताया कि बैठक में शिक्षकों से गैर शैक्षिक कार्य जैसे बी एल ओ, वैक्सिनेशन रजिस्ट्रेशन आदि करवाने का विरोध किया गया। गैर शैक्षिक कार्यो से विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

संघ के जिला कोषाध्यक्ष दलपतराज रांकावत ने कहा कि शिक्षकों का मूल कार्य पढ़ाना है, गैर शिक्षक कार्य करते रहने से शिक्षण कार्य समय पर नहीं होता, जिससे पाठ्यक्रम समय पर पूरा करवाने में समस्या आती है।

जिला सभाध्यक्ष नीमाराम देवासी ने व्याख्याता में पदोन्नित के लिए स्नातक व स्नातकोत्तर में समान विषय होने की बाध्यता हटाने का समर्थन किया।

संघ के प्रयोगशाला प्रतिनिधि नरेश बोहरा, घनश्याम चौहान व बृजमोहन गहलोत ने वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक पद की डीपीसी हर वर्ष समय पर करवाने की मांग की।

संयुक्त मंत्री दिलदार बागवान, नारायणलाल जोशी ने शिक्षकों और विभाग के कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति जिला प्रशासन के विभिन्न कार्यालयों से तुरंत हटाने को कहा। महिला जिलाध्यक्ष नीलिमा अचलावत, संयुक्त मंत्री ललिता मूलचंदानी, महिला मंत्री हिम्मत पटेल ने नयी पेंशन योजना बंद कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की।

कार्यकारिणी की बैठक में घनश्याम चौहान, भगवतीलाल जोशी का बहुमान किया गया।

वही आकस्मिक कारण से कल के अधिवेशन में नहीं आ पाये सम्मेलन के मुख्य अतिथि पाली विधायक ज्ञानचंद पारख, अति विशिष्ट अतिथि नगर परिषद् सभापति रेखा भाटी व पार्षद राकेश भाटी का उनके आवास पर साफे, शॉल व माला द्वारा सम्मान किया गया। दूसरे दिन की बैठक में राजेंद्र राखेचा, धीरज शर्मा, धीरज, प्रकाश, निरंजन, श्रवण चौहान, संध्या दवे आदि कई शिक्षक उपस्थित थे।

राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने पाली विधायक ज्ञानचंद पारख का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

राज्य जूनियर एथलेटिक्स प्रति. के लिए जालोर की टीम घोषित

जालोर, (कासं)। श्रीगंगानगर में 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता के लिये जालोर जिले के खिलाड़ियों की अन्तिम चयन सूची एथलेटिक संघ के जिलाध्यक्ष भरत मेघवाल ने जारी की गई।

जिला एथलेटिक संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि 21 नवम्बर को जिला क्रीडा स्थल पर आयोजित हुई। जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता के परिणाम व उचित मानदण्ड पूरा करने वाले धावकों का चयन राज्य स्तर के लिये किया गया है। राज्य स्तर के लिये जिले की टीम में 20०वर्ष आय ुवर्ग बालक विकास मेघवाल, वेरसीराम, विशाल कुमार, प्रकाश कुमार, 18वर्ष आयुवर्ग बालक सादलाराम,जामाराम देवासी, सुरेन्द्र नाथ, विकास, 16 वर्ष आयुवर्ग बालक अजयपाल सिंह का चयन किया।

14 वर्ष आयु वर्ग बालक केशव शर्मा,प्रणव खत्री,आदित्य सिंह का चयन किया गया। वही 20०वर्ष आयुवर्ग बालिका नीता कुमारी,कृष्णा कँवर,तनु राठौड़, 18 वर्ष आयुवर्ग बालिका विधी जांगिड, विजेता धोलिवाल, मनीषा कंवर, 16 वर्ष आयु वर्ग बालिका सुनीता, नेहा सुथार, 14 वर्ष आयुवर्ग बालिका रवीना राव, कुसुम सुथार, राधिका सेन का चयन किया गया।

शिविर मे बच्चों के लिए चित्र प्रतियोगिता हुई

जोधपुर में हर माह आयोजित होने वाले नि:शुल्क मिर्गी रोग शिविर की कड़ी में 277 वें कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 287 जनों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया।

जोधपुर, (कासं)। हर माह आयोजित होने वाले नि:शुल्क मिर्गी रोग की कड़ी में 277वें कैंप का आयोजन किया गया । शिविर में 287 मरीजों का परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया।

इस बार डूर्फा फार्मा के एम डी के के खत्री ने कंपनी की तरफ से बच्चों के लिए चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया। बच्चों को स्वच्छ भारत और पर्यावरण बचाने की पेंटिंग या कोई स्लोगन लिखने को कहा गया। 15 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। अगले माह आयोजित कैंप में इसमें से तीन बच्चो को पुरस्कार के रूप में धन राशि दी जाएगी। डॉ. नगेंद्र शर्मा ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता हर दो साल में एक बार उन बच्चो में करवाई जाती है जो इलाज के दो वर्ष पूरे कर लेते हैं ।इससे इन बच्चो के बौद्धिक स्तर का पता लगाया जा सकता है और यह भी पता लगता है कि बीमारी के साथ साथ ये मानसिक स्तर पर भी स्वस्थ हो रहे हैं की नहीं।

शिविर संयोजक किशन प्रजापत के अलावा दौलत सोनी , कमलेश व्यास, वंदना राठौड, राहुल सेन, कैलाश दइया, दिलबाग सिंह, हरीश कुमार ने अपनी सेवाएं दी। डॉ. नगेन्द्र शर्मा ने लायंस क्लब के सभी पदाधिकारियों का व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

आशा सहयोगिनियां बेहतर स्वास्थ्य सेवा दें : भाटी



बाड़मेर के धोरीमन्ना में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पेयजल पोषण समिति (वीएचएसएनसी) सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

बाड़मेर, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बाड़मेर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल बिश्नोई के निर्देशन में खण्ड धोरीमन्ना में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पेयजल पोषण समिति (वीएचएसएनसी) सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला आशा समन्वयक राकेश भाटी ने उपस्थित सदस्यों को वीएचएसएनसी के उद्देश्य एवं कमेटी के गठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाटी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करते हुए स्वास्थ्य सूचकांकों में वांछित परिवर्तन लाना है, इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं को सक्षम बनाने के अलावा समुदाय स्तर पर अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

मिशन के तहत प्रत्येक राजस्व गांव में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पेयजल एवं पोषण समिति वीएचएसएनसी का गठन किया गया है। इस समिति में 15 सदस्य होते है। जिसमे सरपंच या वार्ड पंच इस कमेटी के अध्यक्ष एवं आशा सहयोगिनी सचिव होती है। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पेयजल एवं पोषण समिति के सदस्यों को समूह के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाना, गांव के स्वास्थ्य मुद्दो पर कार्य करने के लिए योजना का निर्माण करना है।

भाटी ने प्रशिक्षण के दोरान उपस्थित सदस्यों को बताया की ग्राम स्तर पर गठित कमेटी के माध्यम से स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा की जानी चाहिये एवं समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओ से जोड़ कर आमजन को स्वास्थ्य सेवाये उपलब्ध करवानी चाहिए। उक्त प्रशिक्षण जिला स्तर से जिला आशा समन्वयक राकेश भाटी, बीएचएस खियाराम, राजेश कुमार कुमार, बीएचएस रमेश कुमार एवं पीएचएस करण सिंह द्वारा दिया गया।

कक्षा कक्षों का शिलान्यास

जसवंतपुरा,(निसं)।स्थानीय राजकिय महात्मा गांधी अंग्रजी माध्यम विद्यालय में भामाशाहों के सहयोग से कक्षा कक्षों का विधिवत शिलान्यास किया गया। भामाशाहों, शिक्षा प्रेमी एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया।

संस्था प्रधान सौभागचंद जोशी ने सभी भामाशाहों का आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया एवं कहां कि मुझे खुशी है कि भामाशाहों द्वारा अल्प समय में निर्णय लिया एवं कक्षों का निर्माण शुरू हुआ। साथ ही संस्था प्रधान ने कहां कि सर्दी होने के कारण विद्यार्थियों को विशेष कर कक्षा प्रथम से पांच तक के छात्र छात्राओं को समस्या होती है।

उन्होंने उपस्थित भामाशाहों से स्वेटर की व्यवस्था करने का आग्रह किया तो तुरन्त सरपंच प्रतिनिधि मोडाराम प्रजापत ने सभी कक्षा प्रथम से पांच के छात्र छात्राओं के लिये स्वेटर देने की घोषणा की। भगवतसिंह राणावत ने निर्माणाधीन कक्षा कक्षों के बारे में बताया कि कक्ष प्रथम मंजिल पर एक सांसद कोटे से एवं एक कमरा स्थानीय भामाशाहों के सहयोग से बनेगा।

खण्ड शिक्षा अधिकारी त्रिकमाराम देवासी ने भामाशाहों को धन्यवाद दिया।

सांसद देवजी पटेल, रामसिंह जीतपुरा, मोतीलाल राजपुरोहित, धनाराम प्रजापत, मोडाराम प्रजापत, विक्रम पुरोहित, नगाराम प्रजापत, भगवत सिंह राणावत, जेतमल खंडेलवाल, जसवंत प्रजापत, पोमाराम चौधरी, भैराराम चौधरी गजापुरा, सोमताराम चौधरी, नथाराम चौधरी पादर, जवानाराम आदि भामाशाहों के सहयोग से कक्षा कक्षों का निर्माण हो रहा है। प्राचार्य विक्रमसिंह चारण, रामसिंह धुरपडा, फुलचंद खंडेलवाल, विक्रम पुरोहित ने भी संबोधित किया।

जालमसिंह देवल, महेन्द्रसिंह राव, नेताराम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

जोधपुर में एम.जी.एच. अस्पताल के पूर्व अधीक्षक पी.सी. व्यास को सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई दी गई।

बिजलीकर्मी की करंट से मौत

जोधपुर, (कासं)। बोरानाडा सालावास बिजलीघर में लगे बिजलीकर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। वह विद्युत खंभे पर चढक़र लाइन दुरूस्त कर रहा था। घायलावस्था में एमडीएमएच लाया गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई की रिपोर्ट पर बोरानाडा पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई की।

थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि घटपार शिवपुरा निवासी नरेंद्र पटेल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका चचेरा हरिश पुत्र सांवलराम पटेल सालावास स्थित बिजलीघर में हैल्पर के पद पर कार्यरत था। वह विद्युत लाइन दुरूस्त करने के लिए खंभे पर कार्य कर रहा था। तब करंट लग गया।

जालोर के प्रद्युम्न भटनागर ने देश में पांचवा, राज्य में पहला स्थान पाया

जालोर, (कासं)। ज्ञानदीप शिक्षा मंच (एक सार्थक पहल) की ओर से राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जालोर के प्रद्युम्न भटनागर ने भारत में पांचवा व राजस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया।

संस्था की उपाध्यक्ष अनिशा बानु सिलावट ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों से भाग लिया उसके तहत 5 से 9 वर्ष में जालोर के प्रद्युम्न भटनागर पुत्र नितेश भटनागर ने पूरे भारत मे पाँचवा वा स्थान व राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त कर के जिले का ही नही पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया है।

ऑनलाइन फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में 5 से 9 व 10 से 16 वर्ष के 24० बच्चों ने भाग लिया। सबसे पहले संस्था के अध्यक्ष लखविन्द्र सिंह रतन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। वहीं मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, प्रतिभागियों और कार्यक्रम में जुड़ो अध्यापकों व अन्य सभी का स्वागत करते हुए संस्था के उद्देश्यों से अवगत करवाया।

इसके पश्चात गुजरात से मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम से जुड़े डॉ. आर. बी. संगानी का परिचय करवाया गया। प्रतियोगिता में विजय हुए प्रतियोगी 5 से 9 वर्ष समूह में प्रथम स्थान पर दिल्ली की दीक्षा, द्वितीय स्थान पर कर्नाटक की टी. नंदिनी व तृतीय स्थान पर जम्मू कश्मीर की आलिया थापा रही। 10० से 16 वर्ष समूह में प्रथम स्थान पर मध्य प्रदेश की वेदांशी गोयल, द्वितीय स्थान पर असम की रीज कश्यप व तृतीय स्थान पर कर्नाटक की अंजुम डी. के. रही।

प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रत्येक बच्चे को ई-सर्टिफिकेट दिया गया। विशेष रूप से आमंत्रित उभरती गायिका तरन्नुम वशिष्ठ ने अपने गीतों से बच्चों का हौंसला बढ़ाया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता में बच्चों का जोश देखते ही बनता है। उन्होंने बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि आज के बच्चे कल के चमकते हुए सितारे है।

निर्णायक मण्डल में पंकज पसरीजा, वीणा चौबे, प्रवीण भाई खाचर व डॉ. सीमा मोहन ने अपनी भूमिका निभाई। किशोर सिंह जडेजा ने कार्यक्रम का ऑनलाइन संचालन किया। जबकि मंच का सफल संचालन संजय कुमार ने किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अनिशाबानु सिलावट, सैयद मंजर हसन, सरिता शर्मा, चेतना जोशी, माधुरी चौबे, अजय शर्मा, नत्थू राम, गगनदीप सिंह तग्गड, दिनेशचंद्र सिंह, सुषमा थापा, चित्ररेखा जाधव सहित कई अन्य अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

मजदूरों ने सी.एम.का पुतला फूंका

पाली, (नि.सं.)। कलेक्ट्रेट के सामने पिछले 2 वर्ष से धरने पर बैठे रीको जल परिशोधन संयंत्र कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंका और कांग्रेस सरकार के विरुद्ध नारे लगाए। इसके बाद जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को सीईटीपी फाउंडेशन द्वारा गत 1 अगस्त 2020 को रोजगार से मुक्त किए गए श्रमिकों का रोजगार बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि 2 साल पहले हम कर्मचारियों को सीईटीपी ट्रस्ट ने रोजगार से मुक्त कर दिया था। जिनकी शासन और प्रशासन द्वारा आज तक कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। श्रमिक लगभग 25 साल से निरंतर वहीं पर कार्यरत थे। आए दिन मैनेजमेंट नए नए श्रमिकों को रोजगार दे रहा है लेकिन जिला मुख्यालय के बाहर बैठे श्रमिकों को किसी प्रकार से कोई समाधान नहीं चाह रहा। इस मामले में हस्तक्षेप करके जल्द से जल्द समाधान करवाने की कृपा करें अन्यथा श्रमिकों को बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर अध्यक्ष अशोक बाल्मीकि, विक्रम परिहार, कुंदन सिंह, कालूराम, रोशन लाल, डूंगरराम, पेमाराम, जगदीश, हनसा राम आदि मजदूर मौजूद रहे।

पोकरण में भाजपा पदाधिकारियों का स्वागत

पोकरण, (निसं)। भाजपा नगर मंडल पोकरण के तत्वावधान में मंगलवार को मंडल कार्यकारिणी में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम शहर के जोधपुर रोड स्थित सुगन गार्डन में आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सारडा, पूर्व जिलाध्यक्ष जुगलकिशोर व्यास, पूर्व विधायक शैतानसिंह राठौड, प्रधान भगवतसिंह तंवर, नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, महंत प्रतापपुरी के शिष्य मदन देवासी, पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, जिला महामंत्री सवाईसिंह गोगली, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष उदयसिंह भाटी, नगर मंडल उपाध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह चंपावत व रमेश टावरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजित समारोह में नवनियुक्त भाजयुमो के नगर मंडल अध्यक्ष अनिल रंगा, ओबीसी मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश माली, नगर मंडल मंत्री अचलाराम प्रजापत, लीलाधर जीनगर, भाजयुमो के जिला मंत्री दीपक गहलोत, सांगसिंह छायण, कार्यालय प्रभारी मनीष सैन व नगर मंडल मंत्री हरीश छिपा का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील व्यास ने किया।

महामंत्री व मीडिया प्रभारी भोमराज माली ने आगुंतकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रद्धांजलि दी

रानी, (निसं)। उपखंड कार्यालय रानी में कार्यरत कनिष्ठ सहायक ताराराम मीणा का आकस्मिक निधन हो जाने पर कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।वरिष्ठ सहायक दलपतसिंह ने बताया कि उपखंड अधिकारी रविकान्त सिंह , तहसीलदार सुनीता चारण आदि ने दो मिनट का मौन रखा।

साइबर अपराधों से बचने के गुर बताए

जोधपुर, (कासं)। लगातार बढ़ते जा रहे साइबर अपराध से जुड़े मामलों पर अंकुश लगाने के लिए सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर कई तरह के प्रयास चल रहे हैं। इसी बीच जोधपुर के सामाजिक संगठन सत्यमेव जयते सिटीजन सोसायटी और इंस्टिट्यूट ऑफ लीडरशिप एंड स्किल डेवलपमेंट के तत्वावधान में कॉलेजों और स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मथुरादास माथुर अस्पताल परिसर में स्थित नर्सिंग कॉलेज में साइबर अपराध रोकथाम जागरूकता सेमिनार में नेशनल सिक्योरिटी डेटाबेस से इंटरवेंशन ऑफिसर अमृता एस दूदिया ने साइबर अपराधों से बचने की गुर बताए। सत्यमेव जयते सिटीजन सोसायटी की अध्यक्ष विमला गट्टानी, एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एस एस राठौड़ अदि मौजूद थे।

धमकाने व पैसा मांगने का आरोप लगाते हुए सरपंचों ने ज्ञापन दिया

बाड़मेर, (निसं)। बाड़मेर जिले की ग्राम पंचायत सावलोर में चल रहे मनरेगा कार्यों की शिकायत की जांच करने आए जांच अधिकारी पर सांवलोर सरपंच ने धमकाने व पैसा मांगने सहित मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए जिला सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष हिन्दू सिंह तामलोर के नेतृत्व में कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं पंचायती राज विभाग को ज्ञापन सौंपा।

जिला सरपंच संघ की और से जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत सावलोर पंचायत समिति चौहटन में आयुक्त (ईजीएस) ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग राजस्थार जयपुर के आदेशो के क्रम में निदेशक, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी राजस्थान जयपुर के द्वारा एक जांच दल का गठन कर लेखाधिकारी (एसएसएएटी) जयपुर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच कमेटी को शिकायत की जांच के लिए ग्राम पंचायत सांवलोर में 27 से 29 सितंबर के लिए भिजवाया गया था। जिसमें जांच अधिकारी द्वारा जानबूझकर ग्रामीणों व ग्राम पंचायत के कार्मिकों को दबाव देकर खाली कागज पर हस्ताक्षर करवाकर उस पर मनमाने ढंग से बयान लिखकर जांच के नाम पर प्रताड़ित करने, बार - बार जयपुर आकर मिलने एवं जांच अधिकारी द्वारा संचालित अनाथ आश्रम के नाम पर 51 हजार रुपये का चंदा देने का अनुचित दबाव बनाया गया। जिसको सरपंच द्वारा मना करने पर उनके विरूद्ध लाखों रूपयों की वसूली निकालने की धमकी दी गई। ज्ञापन में बताया गया कि उपरोक्त जांच कमेटी द्वारा जिस शिकायत की जांच की गई। उसकी जांच पूर्व में जिला परिषद बाड़मेर से अधिशाषी अभियंता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की जा चुकी थी। इसके बाद भारत सरकार द्वारा गठित केन्द्रीय दल जिसमें श्रीमती नीता केजरीवाल, संयुक्त सचिव व एस .आर. मीना, उपसचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा भी शिकायत की जांच मौके पर आकर की गई तथा शिकायत को पूर्णतया: असत्य व निराधार मानते हुए ग्राम पंचायत द्वारा किये हुये कार्यों की सराहना की। कार्यों के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत नहीं हैं। ग्रामीणों ने पुन: अपना लिखित में बयान दिया, जिसे ज्ञापन के साथ सौंपा गया। सरपंच संघ ने मांग की है कि जांच अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई हुए इस शिकायत की जांच पूर्व में जिला स्तर एवं केन्द्रीय दल द्वारा की गई जांच के आधार पर शिकायत निरस्त करवाये। चेतावनी दी कि खुमाराम भील सरपंच ग्राम पंचायत सांवलोर को परेशान किये जाने के विरोध में सरपंच संघ को आन्दोलन के लिए उतरना पड़ेगा।

आज डिगाडी कलां व पाल के खसरों के लिए शिविर

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत बुधवार को जोन पूर्व ग्राम डिगाडी कलां के पूर्व अनुमोदित एवं नवीन प्रस्तावित खसरों के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डिगाडी कलां, जोधपुर तथा जोन दक्षिण ग्राम पाल खसरा संख्या 235/1, 212, 209/4/1 व 209/4/2, 236, 272 मय बट्टा नं. 199 मय बट्टा नं 173, 250, 234 व 234/1, 496, 239, 235, 187 व 188, 100, 209/3, 178 बट्टा नं 84/3, 84/4, 72 मय बट्टा नं., 82, 250/1 के लिए ग्राम पंचायत भवन पाल में प्रात: 10 बजे से सांय 6 बजे तक शिविर का आयोजन रखा गया है।

इसी प्रकार गुरूवार को जोन उत्तर ग्राम जोधपुर के समस्त अनुमोदित खसरों हेतु सामुदायिक भवन, तिलक नगर-।। भदवासिया जोधपुर तथा शुक्रवार को जोन दक्षिण ग्राम पाल खसरा संख्या 235/1, 212, 209/4/1 व 209/4/2, 236, 272 मय बट्टा नं. 199 मय बट्टा नं 173, 250, 234 व 234/1, 496, 239, 235, 187 व 188, 100, 209/3, 178 बट्टा नं 84/3, 84/4, 72 मय बट्टा नं., 82, 250/1 के लिए ग्राम पंचायत भवन पाल में शिविर का आयोजन रखा गया है।

प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविरों में उपायुक्त नीरज मिश्र, राजेन्द्रसिंह चांदावत, अनिल कुमार पूनिया, चंचल वर्मा अपने-अपने जोन में अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित मौजूद रहे। प्राधिकरण के मंगलवार को शिविर के दौरान ग्राम उचियारडा, खारडा रणधीर, बासनी बैंदा, गैंवा, चौपासनी, खोखरिया के विभिन्न खसरों के लिए शिविरों को आयोजन कर आमजन को आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करते हुए पट्टों का वितरण किया गया। शिविर में पट्टा, नाम हस्तांतरण, भवन निर्माण अनुमति, उपविभाजन, संयुक्तिकरण, बेचना अनुमति, लीज राशि जमा करवाने इत्यादि कार्यों निस्तारण हो रहा है।